भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या +174**

उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

**देश में विशेषकर यवतमाल - वाशिम में खेलो इंडिया केंद्र**

**+174. श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) के अंतर्गत प्रशिक्षित खिलाड़ियों की राज्यवार और जिलेवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त खिलाड़ियों द्वारा राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) संपूर्ण देश में, विशेषकर महाराष्ट्र के यवतमाल - वाशिम जिले में, खेलो इंडिया केंद्रों और खेल अकादमियों की राज्यवार और जिलेवार कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र के उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त केंद्र स्थापित करने का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ हेतु उक्त केंद्रों के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(छ) उक्त केंद्र स्थापित करने के मानदंडों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) : महाराष्ट्र सहित खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में राज्यवार और जिलावार प्रशिक्षित एथलीट तथा इन एथलीटों की राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों का विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

(ग) महाराष्ट्र सहित खेलो इंडिया स्कीम के तहत संचालित केआईसी और मान्यता प्राप्त अकादमियों का राज्यवार और जिलावार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

(घ) और (ङ): जी, हां । हॉकी के लिए यवतमाल में एक केआईसी और कबड्डी के लिए वाशिम में एक केआईसी को खेलो इंडिया स्कीम के तहत अधिसूचित किया गया है। इसका विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

(च) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केआईसी में खेल अवसंरचना के संस्थापन/निर्माण, संचालन और उन्नयन के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्यवार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

(छ) केआईसी के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध हैं।

*****